आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 08.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीपसमूह में आज बुलाए गए बंद को लेकर दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से एहतियाती आदेश जारी किया गया है।
- विजयपुरम के कुछ प्रमुख स्थानों पर पांच लोगों से अधिक के जमावडे पर रोक लगाया गया है।
- अण्डमान निकोबार कमान आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है।
- भारतीय वायु सेना के स्थापना दिवस पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं ।
- दक्षिण अण्डमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित वॉलीबॉल टुर्नामेंट का फाइनल आज खेला जाएगा।

<><><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे द्वारा आज द्वीपसमूह में बंद बुलाए जाने के संबंध में जिला प्रशासन की ओर से एहतियाती आदेश जारी किया गया है। दक्षिण अण्डमान जिला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिला प्रशासन जिले में शान्ति व्यवस्था कायम करने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश का भी हवाला दिया, जिसमें किसी भी एसोसिएशन, संगठन या राजनीतिक दलों द्वारा बंद बुलाए जाने को अवैध और गैर–संवैधानिक करार दिया गया है। जिले में ऐसी किसी भी गतिविधियों से निपटने और शान्ति व्यवस्था को कायम रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने मुरूगन मन्दिर से लेकर मॉडल स्कूल और फायर ब्रिगेड जंक्शन तक पांच लोगों से अधिक के जमावडे पर रोक लगा दी है। मुरूगन मन्दिर से जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय जंक्शन और मुरूगन मन्दिर से वी आई पी रोड, कामराज सलई तक ऐसे जमावडे पर रोक रहेगी। ऐसे किसी भी तरह के प्रदर्शन या धरना या लोगों का जमावडा जिसमें जरूरी सेवाएं बाधित होती हो या लोगों तथा वाहनों के आवाजाही पर असर डालता हो, ऐसी सभी गतिविधियां बिना प्राधिकृत अधिकारी के पूर्व अनुमति से आयोजित करने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला पुलिस अधीक्षक ए डी एम कार्यकारी मजिस्ट्रेटों और सभी संबंधित अधिकारियों से ऑर्डर का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। आदेश का उल्लंघन होने पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच श्री विजयपुरम शहर में शान्ति व्यवस्था और जरूरी सेवाओं को बहाल रखने के लिए ऐसे किसी भी जमावडे को श्री विजयपुरम स्थित तिरंगा पार्क तक सीमित किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन वर्ष दो हजार बीस में द्वीपों की सामरिक महत्व को देखते हुए इसकी स्थापना हुई थी। इस अवसर पर अपने संदेश में द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने सभी को शुभकामनाएं और हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि अंडमान निकोबार कमान के कर्मियों की सेवा और बलिदान को स्वीकार करना बहुत सम्मान की बात है। कमान अपने शुरुआती दिनों से ही एक सुसंगत और शक्तिशाली संगठन के रूप में विकसित हुई है, जो न केवल इस क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि भारत को एक क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता बनने में भी सक्षम बनाती है। हाल के दिनों में किए गए कई ऑपरेशनों की सफलता, साथ ही चौबीस फरवरी को राष्ट्रपति के समक्ष ऑपरेशनल प्रदर्शन, कमान की शक्तिशाली परिचालन क्षमता का प्रमाण है। अण्डमान निकोबार कमान राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत दो हजार सैतालिस की दिशा में राष्ट्रीय पहल में भी सबसे आगे रही है। पिछले कुछ वर्षों में अण्डमान निकोबार प्रशासन और ए एन सी के बीच सहयोग बढ़ा है और द्वीपवासियों को नागरिक आई.आई.सी.एस नौकाओं, चिकित्सा निकासी, कल्याणकारी योजनाओं से बहुत लाभ हुआ है, जिसमें सैन्य इकाइयों द्वारा कई गांवों को गोद लेना और हाल ही में कैंपबेल–बे में एकीकृत चिकित्सा स्टेशन का निर्माण शामिल है। अग्निशमन, अवैध शिकार विरोधी अभियान और डी.एस.एस. को तकनीकी सहायता के कई उदाहरण एएनसी द्वारा किए गए थे।

उपराज्यपाल ने इस संयुक्त सेवा कमान के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस करते हुए कमान के सभी अधिकारियों और कर्मियों को तालमेल और व्यावसायिकता के साथ सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस बीच आज सुबह नौ बजे से ब्रिजगंज मिलिट्री स्टेशन में रस्मी परेड का आयोजन किया गया है। अण्डमान निकोबार कमान के कमाण्डर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बाला कृष्णन परेड की सलामी लेंगे।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना का स्थापना दिवस भी आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के जोशी ने सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनसे समर्पण और लगन के साथ अपने कार्यों को अंजाम देने का अनुरोध किया है।

उपराज्यपाल ने कहा कि भारतीय वायु सेना द्वारा द्वीपसमूह में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। पिछले एक वर्षों के दौरान एम. आई–सत्रह हेलीकॉप्टरों और डॉर्नियर विमानों द्वारा पन्द्रह आपातकालीन मरीजों को सेवाएं प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि ब्रुक्शाबाद और उत्तरी अण्डमान के श्याम नगर गांव को गोद में लेकर भारतीय वायु सेना ने राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उपराज्यपाल ने इस अवसर पर सभी ऐसे योद्धाओं और उनके परिजनों की सफलता की कामना की है।

<><><><><><><>

भारतीय डाक की ओर से देश भर के श्रमिकों के लिए अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। दो सौ नवासी रूपये तक की सालाना प्रीमियम पर पांच लाख रूपये और चार सौ निन्यानब्बे रूपये की सालाना प्रीमियम पर दस लाख रूपये तक दुर्घटना बीमा का प्रावधान योजना में किया गया है। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी डाक कार्यालय में जाकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। गैर श्रमिक लोगों के लिए पांच सौ सत्तावन रूपये की सालाना दर पर दुर्घटना बीमा करवाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए भारतीय डाक पेमेंट बैंक की श्री विजयपुरम शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए अक्टूबर माह के दौरान दक्षिण, तथा मध्योत्तर अंडमान जिलों की ग्राम पंचायतों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक विशेष आधार शिविर आयोजित किया जा रहा है। आज और कल वन्डूर क्षेत्र में आधार शिविर लगेगा। दस और ग्यारह तारीख को कालीकट, पन्द्रह और सोलह तारीख को बम्बूफ्लाट–एक, सत्रह और अट्ठारह तारीख को बम्बूफ्लाट–दो, मध्योत्तर अण्डमान के हरिनगर, रामनगर और शिवपुरम में शिविर लगेगा। बाईस और तेईस अक्तूबर को शोर प्वाइंट, चौबीस और पच्चीस अक्तूबर को स्टुअर्टगंज, दशरथपुर, बसंतीपुर, नबाग्राम में शिविर लगेगा। उनतीस और तीस अक्तूबर को होपटाउन में यह व्यवस्था की गई है। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंतरिक्ष स्टार्ट–अप की उद्यम निधि के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने नई दिल्ली में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी दी।

डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्ष में देश में अंतरिक्ष स्टार्ट–अप की संख्या डेढ़ लाख से अधिक हो गई है और भारत इस क्षेत्र में विश्व में तीसरे स्थान पर है। अंतरिक्ष क्षेत्र में शत–प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मोदी सरकार की अनुमति से नई पहल और नए उद्यमियों को बढ़ावा मिला है।

<><><><><><><>

स्कूल लाइन स्कूल और पोर्टमोट स्कूल की टीमें सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित वॉलीबॉल टुर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। कल भातू बस्ती स्कूल मैदान में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में स्कूल लाईन स्कूल की टीम ने विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय ज़िला परिषद स्कूल छोलदारी को पराजित किया। जी डी एम एस स्कूल मैदान में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में पोर्ट–मोट की टीम ने जी डी एम एस को हराया। फाइनल आज सुबह नौ बजे से भातुबस्ती स्कूल मैदान में खेला जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज–यूएचसी हासिल करने के लिए "संपूर्ण सरकार" और "संपूर्ण समाज" के दृष्टिकोण को अपनाया है। इसके अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ के दक्षिणपूर्व एशिया क्षेत्र के सतहत्तरवें सत्र को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सरकार की आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से बारह करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिला है और प्रत्येक परिवार को अस्पताल में उपचार के लिए छह हजार डॉलर का वार्षिक लाभ प्रदान किया है। श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र बनाने में डब्ल्यूएचओ का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों जैसी स्थितियों से निपटने के लिए दो हजार दस से गैर–संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम लागू कर रहा है। इस पहल से प्रारंभिक चरण में निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सात सौ तिरपन एन.सी.डी. क्लीनिक, तीन सौ छप्पन डे–केयर सेंटर और छः हजार दो सौ अड़तीस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना हुई है।

<><><><><><><>